आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 17.09.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के धार से ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार'' और राष्ट्रीय पोषण माह अभियान की शुरुआत की।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आमजन से आह्वान किया कि वे ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार'' अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी करें और इसे जन–आंदोलन का रूप दें।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के 11 लोगों को उत्तराखंड शिल्प रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया।
- प्रदेश में भगवान विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मध्यप्रदेश के धार जिले में ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार'' अभियान और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर राज्य में आदि सेवा पर्व का उद्घाटन भी किया। श्री मोदी ने धार जिले के भैंसोला गांव में भारत के पहले पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर भारत के सबसे बड़े एकीकृत वस्त्र केंद्र का शुभारंभ किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मातृ वंदना योजना के तहत 15 लाख से अधिक महिलाओं को धनराशि भी हस्तांतरित की। उन्होंने महिलाओं से ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान'' के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में अपनी जांच करवाने का आग्रह किया।

**स्वस्थ नारी सशक्त परिवार**

मध्यप्रदेश के धार जिले में आयोजित कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर देहरादून में वर्चुअल रूप से राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर निरीक्षण किया। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में राज्यपाल ने कहा कि "स्वस्थ और जागरूक नारी ही समाज को नई दिशा दे सकती है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी करें और इसे जन–आंदोलन का रूप दें। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि ''स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार'' अभियान के लिए प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक तैयारी की है।

उन्होंने राज्य की मातृशक्ति से दो अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान का लाभ उठाने की अपील की है।

**प्रधानमंत्री / पूजा–अर्चना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर आज प्रदेश के चारों धामों के साथ ही प्रमुख तीर्थ स्थलों पर विशेष पूजा अर्चना की गई। तीर्थ पुरोहितों ने प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए भगवान से प्राथना की। बदरीनाथ धाम में मंदिर समिति के पदाधिकारियों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री के जन्मदिन के मौके पर हवन किया गया। केदारनाथ धाम में तीर्थ पुरोहितो ने महारुद्राभिषेक का आयोजन कर बाबा केदार से प्रार्थना की। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में भी तीर्थ पुरोहितों ने प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर उनके लिए विशेष पूजा अर्चना सम्पन्न की, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों और तीर्थ यात्रियों ने भाग लिया। इसके साथ ही प्रदेश के अन्य तीर्थ स्थलों में भी विशेष पूजा अर्चना समपन्न की गई।

**उत्तराखंड शिल्प रत्न पुरस्कार**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में उत्तराखंड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने हस्तशिल्प पर आधारित विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया और प्रदेश के 11 लोगों को उत्तराखंड शिल्प रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की बुनाई और हस्तशिल्प कला अपनी विविधता, परंपरागत डिज़ाइन और गुणवत्ता के कारण प्रसिद्ध है। उन्होंने प्रदेश के शिल्पियों और बुनकरों को राज्य की सांस्कृतिक धरोहर के संवाहक बताया। श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में "वोकल फॉर लोकल", "लोकल टू ग्लोबल" और "मेक इन इंडिया" जैसी पहलें शिल्पियों और बुनकरों के सामाजिक–आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान जैसी योजनाओं के माध्यम से शिल्पियों और बुनकरों के समग्र विकास को सुनिश्चित किया जा रहा है।

विश्वकर्मा जयंती

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज भगवान विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। औद्योगिक इकाइयों, कारखानों, वर्कशॉप और कार्यालयों में पूजा–अर्चना कर मशीनों और औजारों की साफ–सफाई की गई और उन्हें फूलों से सजाया गया। इस अवसर पर आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र देहरादून में अधिकारियों और कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा–अर्चना की। बागेश्वर में प्रिंटिंग प्रेस, ऑटो मोबाइल्स, मशीनरी और कारीगरी से जुड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों में पूजा–अर्चना की गई। व्यवसायियों ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा हमारे जीवन और आजीविका से सीधे जुड़े हैं और वे हर वर्ष इस दिन औजारों और मशीनों की पूजा कर उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हैं।

**<u>स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा</u>**

''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार'' अभियान के तहत प्रदेश में आज से दो अक्टूबर तक लगभग दो हजार 300 स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि इन शिविरों के माध्यम से पांच लाख से अधिक महिलाओं को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ ही निःशुल्क दवाओं का लाभ दिया जा सके।

**<u>सेवा पखवाड़ा बागेश्वर</u>**

प्रदेश के विभिन्न जिलों में सेवा पखवाड़ा के तहत विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में आज जिला अस्पताल बागेश्वर में सामान्य रोगों के साथ ही हृदय, मधुमेह, रक्तचाप, नेत्र और महिला स्वास्थ्य से संबंधित जांचें की गईं। चिकित्सकों की टीम ने मौके पर ही परामर्श और दवाइयाँ उपलब्ध कराईं। इसके अलावा दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। लाभार्थियों ने शिविर को बेहद उपयोगी बताया। दिव्यांग पुष्कर सिंह ने बताया कि शिविर में उनका और उनके परिवार का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया।

**<u>सेवा पखवाड़ा पौड़ी</u>**

पौड़ी में आज जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अगुवाई में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की शुरुआत हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पौड़ी नगर में स्वच्छता अभियान का नेतृत्व के साथ आमजन को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्वच्छता पखवाड़े के तहत जिले की सभी तहसीलों और विकासखंडों में भी स्वच्छता रैलियां व कार्यक्रम आयोजित किए गए।